हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 23 जून 2026

तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

11 किसानों पर डंडा, अवैध खनन पर ढील? खनिज विभाग...

12 भारतमाला मुआवजा मामले में टकेश्वर चंद्राकर ने ...

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

खबर संक्षेप

वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजनों के लिए कल नगरी में मापन शिविर

धमतरी। जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा जिला धमतरी के वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के लिए भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम दवारा 24 जून बुधवार को 9 बजे से जनपद पंचायत नगरी में केवल मूल दस्तावेज को देखकर पंजीयन चिन्हांकन एवं मापन किया जायेगा जिसमें मगरलोड क्षेत्र के लोग भी शामिल हो सकते हैं। दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र या बीपीएल राशनकार्ड, आधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड तथा एक फोटो लेकर आना होगा जिसमें राजकुमार सिन्हा अनुभवी विशेषज्ञों के साथ शिविर में अपनी सेवायें देगे। प्रेरणा जन कल्याण समिति के सदस्यों बंसत कुमार बिशनोई, घनश्याम सिंह साहू, डेरहाराम, ओमप्रकाश और कुमारी बाई ने क्षेत्र के जरुरतमंद वरिष्ठ नागरिकों एवं दिवयांगजनों को शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

लघुशंका के लिए निकली वृद्धा की सड़क हादसे में मौत

धमतरी। रात्रि में लघुशंका के लिए जा रही वृद्धा को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। घटना में वृद्धा की मौत हो गई है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम करेहा निवासी जानकी बाई साहू उम्र 70 वर्ष दाहिने पैर से विकलांग थी। महिला शनिवार की रात्रि लघुशंका के लिए घर के बार निकल कर जा रही थी। इसी दौरान अज्ञात वाहन वृद्धा को ठोकर मार भाग गया। घटना में गंभीर रूप से घायल वृद्धा को संजीवनी 108 की मदद से रात्रि में ही उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने रविवार को शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

बाइक सहित गिरकर घायल युवक की मौत

धमतरी। सब्जी खरीद कर लौट रहे युवक की बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। घटना में घायल युवक की मौत हो गई है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम बगदेही निवासी भोलाराम यादव पिता डुमनलाल उम्र 37 वर्ष राजमिस्त्री का काम करता था। शुक्रवार को युवक अपने बाइक से गांव के बाजार में सब्जी खरीदने गया था। जहां से सब्जी खरीदकर युवक अपनी बाइक से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के बाजार चौक के पास बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे निजी वाहन की मदद से उपचार के लिए धमतरी लाकर श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान घायल युवक की सोमवार की सुबह मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

अटल आरोग्य लैब में टेस्ट की संख्या बढ़ने से मरीजों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अटल आरोग्य लैब में टेस्ट की संख्या बढ़ने से मरीजों को बड़ी राहत मिल रही है। संचालन के महीने भर में लैब में 9 हजार से अधिक जांच की जा चुकी है।

जिला अस्पताल के न्यू बिल्डिंग के सेकण्ड फ्लोर में अटल आरोग्य लैब संचालित है जिसका संचालन एचएलएल कंपनी द्वारा किया जा रहा है। जहां सीरोलॉजी, हीमेटोलॉजी, इम्यूनोएसे, हार्मोन एनलाइजर, इलेक्ट्रोलाइट एनलाइजर तथा क्लीनिकल पैथालॉजी की मशीनों से जांच की सुविधाएं मिल रही है। नया मशीन होने के कारण बीते दिनों हार्मोनल जांच प्रभावित हो रही थी। लैब का संचालन कर रही कंपनी द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए हार्मोनल जांच सेवा शुरू कराई गई। इसके साथ ही लैब टेस्ट की संख्या को बढ़ाया गया। हार्मोनल मशीन के शुरू होने से थायराइड, विटामिन डी और विटामिन बी-12 की जांच रिपोर्ट सेम्पल लेने के बाद उसी दिन मरीज को दी जा रही है। वहीं अन्य हार्मोनल जांच की रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर उपलब्ध कराई जा रही है। लैब में प्रतिदिन 200 से अधिक विभिन्न प्रकार की जांच हो रही है। गंभीर प्रकार के टेस्ट व अन्य जांच पूरी तरह से निःशुल्क होने से जिला अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को बड़ी राहत मिल रही है। मरीजों को टेस्ट के लिए निजी लैब का चक्कर नहीं काटना पड़ रहा है।

महीनेभर में लैब में 9 हजार से अधिक जांच

कंपनी के 11 कर्मचारी सेवाएं दे रहे

जिला अस्पताल में बीते माह 18 मई से अटल आरोग्य लैब का संचालन शुरू किया गया था। महीने भर में अटल लैब में 1880 से अधिक मरीजों की 9350 से अधिक जांच की जा चुकी है। वर्तमान में कंपनी के 11 कर्मचारी सेवाएं दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त जिला अस्पताल के नियमित व एनएचएम कर्मचारियों को अत्याधुनिक मशीनों का संचालन का प्रशिक्षित किया एगा जिससे आगामी दिनों में लैब संचालन सुचारू रूप से चलेगा।

उदंती सीतानदी अभ्यारण के 60 गांव के लोगों ने मूलभूत सुविधा की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

टाइगर रिजर्व के हजारों आदिवासियों ने घेरा कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सोमवार को जल जंगल जमीन संघर्ष समिति के बैनर तले उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के हजारों आदिवासियों ने कलेक्टोरेट का घेराव कर दिया। प्रदर्शनकारियों की भारी संख्या को देखते हुए प्रशासन ने ग्राम बनरौद में बेरिकेट लगाकर रोकने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो पाए। स्थिति को देखते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा सहित आलाधिकारी ने उनकी मांगों पर चर्चा कर प्रतिनिधि मंडल को वनमंत्री से मुलाकात कराने का आश्वासन दिया लेकिन प्रदर्शनकारी कलेक्टर के आश्वासन पर संतुष्ठ नहीं हुए। समाचार लिखे जाने तक हजारों लोग कलेक्टोरेट मार्ग पर धरना में बैठे रहे।

उल्लेखनीय है कि टाइगर रिजर्व क्षेत्र के करीब 45 गांव के आदिवासी मूलभूत सुविधा एवं अन्य मांग को लेकर 22 जून को कलेक्टोरेट घेराव का ऐलान किया। इस ऐलान में प्रशासन सकते में आ गया। नगरी एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों और पुलिस अफसरों ने समिति के पदाधिकारों की बैठक रविवार को बुलाई। आदिवासियों ने एसडीएम की नहीं सुनी। साफ किया कि अधूरे विकास कार्यों, आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण की मांग को लेकर 22 जून को कलेक्टोरेट घेराव होगा।

टाइगर रिजर्व क्षेत्र के हजारेंरों आदिवासी बस, पिकअप सहित विभिन्न वाहनों में टानीटोला चौक पहुंचे। यहां से पैदल मार्च करते हुए कलेक्टोरेट घेरने पहुंचे। फिर जनपद के सामने कलेक्टोरेट मार्ग में धरने पर बैठ गए। इस दौरान कलेक्टोरेट मार्ग में आवाजाही बाधित हो गई। लोगों को दूसरे रास्ते का सहारा लेना पड़ा। जल जंगल जमीन संघर्ष समिति के प्रमुख नरेश मांझी, संजय नेताम, मनोज साक्षी, श्रीधन सोम, रेवा प्रसाद देवदास, सुभाष सोरी, प्रकाश नेताम आदि ने बताया कि उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के अंतर्गत 60 गांव में मूलभूत सुविधा की कमी है। कई विकास कार्य अधूरे पड़े हैं। दूरस्थ गांव का संपर्क मुख्य मार्ग से नहीं है। मांगों में अरसहीकन्हार से गरहाडीह जक्शन तक 25 किमी पक्की सड़क, गहनासियार से जोरातराई तक 25 किमी सड़क, खल्लारी से चमेदा तक 5 किमी सड़क, टेहनी एवं बेलबाहरा के सभी ग्रामों तक सड़क, खल्लारी से नवागांव तक 5 किमी सड़क, देवरी और बेलरबाहरा के आश्रित ग्रामों तक सड़क, खल्लारी से लिखमा तक 15 किमी सड़क, आधा मांझी से बुढ़रा तक 4 किमी पक्की सड़क जरूरी है। उन्होंने बताया कि उजरावन के पास सोंढूर नदी पर 80 मीटर पुल, गरांजी नदी पर पुल निर्माण, कर्रा पहाड़ नदी पर पुल, बेलरगांव से बोराई मार्ग पर पुल निर्माण की मांग है। जिले के ग्राम पंचायत रिसगांव, करही, खल्लारी, फरसगांव, नवागांव, लिलांग के आश्रित गांवों में पर्याप्त बिजली सुविधा देने के अलावा सांकरा में आयोजित सुशासन शिविर के दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी रिसगांव ने गोंडी धर्म और आदिवासी समाज को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी से आदिवासी समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। जिसे निलंबन करने की मांग की है। अधिकारियों की दण्डनात्मक कार्रवाईयों पर अंकुश लगाने आदिवासी क्षेत्रों संवैधानिक अधिकार पेसा एक्ट, एफआरए 206 एवं पारंपरिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने, वन ग्राम से राजस्व ग्राम में परिवर्तित सभी गांवों के भुईयां पोर्टल में सुधार कर बटांकन एवं भूमिस्वामी अधिकार प्रदान करने, सिविल अस्पताल में स्वीकृत सेटअप के अनुसार डॉक्टरों एवं स्टाफ की नियुक्ति करने की मांग प्रमुख रूप से है।

वनमंत्री से प्रतिनिधि मंडल की बैठक कराने का कलेक्टर ने दिया आश्वासन

दूसरे जिला से भी बुलाई फोर्स

व्यापक रूप से आंदोलनकारियों को देखते हुए आसपास जिलों से भी पुलिस बल बुलाया गया है। आंदोलनकारियों का कहना है कि वे एक माह का राशन लेकर पहुंचे हैं। अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो परिवार समेत प्रदर्शन किया जाएगा।

आंदोलन को विफल करने का प्रयास

इस आंदोलन में सहयोगी संगठन के रूप में किसान संघर्ष समिति जोन बेलरबाहरा, अभ्यारण संघर्ष समिति क्षेत्र रिसगांव, अभ्यारण समिति क्षेत्र बोराई, अभ्यारण संघर्ष समिति क्षेत्र बहीगांव, जय अम्बेडकर वादी युवा संगठन राजा पड़ाव क्षेत्र गरियाबंद किसान, मजदूर संघर्ष समिति क्षेत्र उदंती गरियाबंद परिवर्तित राजस्व ग्राम समिति जिला गरियाबंद के सदस्य शामिल है। इसमें 40 गांव धमतरी जिला तथा 20 गांव 20 ग्राम गरियाबंद से है। समितियों ने बताया कि कलेक्टर घेराव को रोकने प्रशासन ने विभिन्न हथकंडे अपनाए हैं। जिसमें सांकरा से लेकर दुगली की ओर सभी पेट्रोल पंपों को बंद कर दिया गया था। बनरौद के पास बेरिगेट्स लगाकर आंदोलनकारियों का रोकने का भरपूर प्रयास किया गया है। वहीं दानीटोला के पास आदिवासियों की सैलाब को देखते हुए पुलिस फोर्स ने बातचीत के लिए रोकने की कोशिश की है।

जिले के सभी पंचायतों में ग्रामसभा 24 को आवास होगा मुख्य एजेंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 24 जून को ग्राम सभा का आयोजन होगा। इस बार की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण से तैयार स्थायी प्रतीक्षा सूची मुख्य एजेंडा रहेगी। हर गांव में प्रतीक्षा सूची लगेगी। पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग ने ग्राम सभाओं में जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा और निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। ग्राम सभा में सिस्टम जनरेटेड स्थायी प्रतीक्षा सूची का सार्वजनिक वाचन और अवलोकन किया जाएगा। इसके बाद पात्र हितग्राहियों की प्राथमिकता सूची तैयार की जाएगी। ग्रामीणों से दावे-आपत्तियां लेकर उनका नियमानुसार निराकरण किया जाएगा। ग्राम सभा से अनुमोदन मिलने के बाद अंतिम सूची आवास सॉफ्टवेयर में अपलोड की जाएगी। ग्रामीण रोजगार और आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) की जानकारी भी ग्रामीणों को दी जाएगी। ताकि ग्रामीणों को केंद्र सरकार की इस योजना का समय पर लाभ मिल सके। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित कर ग्राम विकास के निर्णयों में जनसहभागिता बढ़ाने की अपील की है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा शहर मंडल का मकई गार्डन में सामूहिक योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा धमतरी शहर मंडल द्वारा मकई गार्डन में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ, जिला धमतरी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया और नियमित योग के महत्व को अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नन्दू लोधी, जिला महामंत्री महेन्द्र पंडित, मंडल पदाधिकारी राजीव चंद्राकर, मंत्री नीतू त्रिवेदी, विशाल त्रिवेदी, वार्ड पार्षद आशा लोधी, रेशमा शेख, शंकर मानिकपुरी एवं राकेश यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। वक्ताओं ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की प्रभावी पद्धति है। नियमित योग से शरीर स्वस्थ रहने के साथ मानसिक तनाव भी कम होता है और जीवन में नई ऊर्जा का संचार होता है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने प्रतिदिन योग करने तथा अपने परिवार एवं समाज के लोगों को भी योग के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

उदंती सीतानदी के जंगल में बाघिन का विचरण

- वन विभाग बाघिन की सुरक्षा एवं आवास के लिए प्रतिबद्धता से यूएसटीआर में बाघों की परिदृश्यता की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व में अत्यंत उत्साहजनक खबर सामने आई है। हाल ही में विभिन्न कैमरा ट्रैप से प्राप्त विडियो और तस्वीरों ने एक बाघिन की नियमित उपस्थिति की पुष्टि की है। संभवतः बाघिन प्राकृतिक रूप से विचरण करते हुए यूएटीआर के जंगल पहुंची है और इस क्षेत्र को नया घर बना रही है।

टायगर रिजर्व से प्राप्त जानकारी के अनुसार लंबे समय से बाघों की वापसी का इंतजार कर रहे उदंती सीतानदी के लिए इस बाघिन का आगमन मात्र वन्यजीव दृश्य नहीं है बल्कि पूरे परिदृश्य के पुनर्जीवन के संकेत और नई आशा की किरण है। स्वस्थ और आत्मविश्वास से अपने क्षेत्र में विचरण करती इस बाघिन की गतिविधियां इस बात का संकेत है कि वह अपना क्षेत्र स्थापित करने की प्रक्रिया में है।

कैमरा ट्रैप से प्राप्त हालिया वीडियो एवं तस्वीरों ने वनकर्मियों, संरक्षणवादियों और वन्यजीव प्रेमियों में उत्साह भर दिया है। इस बाघिन का उदंती सीतानदी के जंगल में अपना निवास क्षेत्र चुनना इस बात का प्रमाण है कि यह टायगर रिजर्व को पुनः एवं सुरक्षित एवं समृद्ध बाघ आवास के रूप में विकसित होने की क्षमता रखता है। वन विभाग इस बाघिन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा अनुकूल आवास उपलब्ध कराने के लिए संरक्षण एवं प्रबंधन के प्रयासों को और सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि उदंती सीतानदी टायरगर रिजर्व पुनः मध्य भारत के प्रमुख बाघ परिदृश्यों में अपना गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त कर सके।

एग्रो मॉल की दिशा में बढ़े कदम

पुराने मंडी परिसर को मिलेगी नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के पुराने कृषि उपज मंडी परिसर की करीब साढ़े तीन एकड़ भूमि को अब नई पहचान दिलाने की तैयारी शुरू हो गई है। लंबे समय से खाली पड़ी इस बहुमूल्य जमीन को किसानों और शहर के विकास के लिए उपयोग में लाने की योजना बनाई जा रही है। नगर निगम ने मंडी बोर्ड से भूमि वापस लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

महापौर रामू रोहरा ने बताया कि निगम इस स्थान पर आधुनिक एग्रो मॉल विकसित करने की दिशा में काम कर रहा है, जिससे किसानों को बेहतर सुविधाएं और शहर को नई आर्थिक गतिविधियां मिल सकेंगी।

किसानों की सुविधा बनेगी प्राथमिकता

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि एग्रो मॉल बनने से किसानों को बीज, खाद, कृषि उपकरण और अन्य आवश्यक सामग्री एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। इससे किसानों का समय और खर्च दोनों बचेंगे। साथ ही स्थानीय व्यापार को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि नई रेल लाइन शुरू होने के बाद इस क्षेत्र का महत्व और बढ़ेगा, जिससे एग्रो मॉल किसानों और व्यापारियों के लिए सुविधाजनक केंद्र बन सकेगा।

विकास के साथ रोजगार के नए अवसर

महापौर का कहना है कि परियोजना पूरी होने के बाद स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी तैयार होंगे। पैकेजिंग, भंडारण, विपणन और अन्य सेवाओं से जुड़े कई कार्य शुरू होंगे, जिससे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी। नगर निगम का प्रयास है कि इस भूमि का उपयोग जनहित और कृषि विकास के लिए किया जाए।

एग्रो मॉल से होंगे ये प्रमुख लाभ

किसानों को एक ही स्थान पर कृषि सामग्री उपलब्ध होगी। आधुनिक भंडारण और विपणन की सुविधा मिलेगी। स्थानीय व्यापार और बाजार को बढ़ावा मिलेगा। किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। वर्षों से खाली पड़ी भूमि का सदुपयोग होगा । करीब 15 वर्षों से खाली पड़े पुराने मंडी परिसर का उपयोग अब विकास कार्यों के लिए करने की तैयारी है। पहले यहां कृषि उपज मंडी संचालित होती थी, लेकिन मंडी के श्यामतराई स्थानांतरित होने के बाद यह परिसर निष्प्रयोज्य हो गया। नगर निगम अब इस भूमि को जनहित की परियोजना से जोड़कर किसानों और शहर दोनों को लाभ पहुंचाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

खबर संक्षेप

महर्षि वेदव्यास कालेज में प्रवेश शुरू

अंवरी। महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में प्रवेश प्रारंभ हो गया है। इस सत्र से शुरू हुए बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी सहित डीसीए और पीजीडीसीए जैसे कई कोर्स उच्च शिक्षा विभाग, शासन के निर्देशानुसार महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस वर्ष कॉलेज में छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए कई नए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। कंप्यूटर के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों के लिए इस सत्र से डीसीए और पीजीडीसीए कोर्स भी शुरू किए जा रहे हैं। इसके साथ ही विज्ञान संकाय में इस वर्ष से बीएससी बायोटेक्नोलॉजी और बीएससी माइक्रोबायोलॉजी तथा कला संकाय (बीए) में दो नए विषय-इतिहास और समाजशास्त्र भी खोले गए हैं। स्नातकोत्तर स्तर पर भी कॉलेज में विभिन्न विषयों की पढ़ाई हो रही है : एमए भूगोल, राजनीति शास्त्र, हिंदी, और अर्थशास्त्र। एमकॉम, एमएससी गणित, वनस्पति विज्ञान और प्राणीशास्त्र। कॉलेज प्रशासन के अनुसार, इन नए विषयों और कंप्यूटर कोर्सेस की शुरुआत से स्थानीय छात्र-छात्राओं को अब उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। प्रवेश के इच्छुक छात्र तय समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

ग्राम पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ ने जिपं अध्यक्ष से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

ग्राम पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने पंचायतों में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटरों की समस्याओं और मांगों से उन्हें अवगत कराया।

संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि वे वित्तीय वर्ष 2013-14 से ग्राम पंचायतों में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर अनियमित कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं। वर्तमान में शासन एवं प्रशासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं तथा पंचायतों के ऑनलाइन कार्यों का संचालन कम्प्यूटर ऑपरेटरों द्वारा किया जा रहा है। इनमें प्रियासॉफ्ट, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, मनरेगा, ई-ग्राम स्वराज पोर्टल, समर्थ पंचायत पोर्टल, सुशासन तिहार सहित अन्य ऑनलाइन सेवाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन शामिल है।

संघ ने बताया कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में कम्प्यूटर ऑपरेटर समान कार्य कर रहे हैं, लेकिन उनके मानदेय में एकरूपता नहीं है। विभिन्न पंचायतों में अलग-अलग मदों से भुगतान किया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक एवं प्रशासनिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने मांग की कि सभी कम्प्यूटर ऑपरेटरों को उच्च कुशल श्रमिक के अनुरूप मानदेय प्रदान किया जाए तथा ग्राम पंचायत स्तर पर कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद को स्थायित्व प्रदान किया जाए।

मौके पर जिला संरक्षक गिरधर पटेल, जिलाध्यक्ष भोलेश्वर प्रसाद, उपाध्यक्ष टेकराम साहू, जिला सचिव नरेंद्र साहू, सहसचिव केजूराम साहू, कोषाध्यक्ष मुकेश निर्मलकर, कौशल साहू, सलाहकार आसराम सिन्हा, पुरुषोत्तम बघेल, यशवंत धनकर, मिथिलेश साहू, डिकेश साहू, तिजेंद्र कुमार, पोखराज साहू, लेखराम देवांगन, तोरणलाल साहू, कौशल कुमार, कृष्णा साहू, संगीता साहू, सरिता साहू, बबीता साहू, पार्वती साहू, सोनिया चक्रधारी उपस्थित थे।

अपनी समस्याओं और मांगों से अवगत कराया

मांगों पर पहल का मिला आश्वासन

मांगों को गंभीरता से सुनते हुए जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा ने संघ के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों के संबंध में आवश्यक पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर ऑपरेटरों की समस्याओं एवं मांगों को जिला पंचायत सदस्यों की बैठक में भी रखा जाएगा और उनके समाधान के लिए सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे। जिपं अध्यक्ष से मिले आश्वासन के बाद संघ के सदस्यों ने उम्मीद जताई कि उनकी लंबे समय से लंबित मांगों पर शीघ्र ही सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

अब सिंचाई सुविधा उपलब्ध होने से किसान वर्ष में दो फसल लेने लगे

जोरातराई में किसानों की आजीविका को मिला नया आयाम

- किसानों को आधुनिक कृषि एवं सिंचाई सुविधाओं से जोड़ने के लिए सोलर लिफ्ट सिंचाई, ड्रिप सिंचाई, सोलर पैनल तथा कृषि कार्यों हेतु टूल बैंक उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी विकास खंड अंतिम छोर ग्राम जोरातराई में किसानों की आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में एचडीएफसी वाटर परियोजना अंतर्गत प्रदान संस्था द्वारा सराहनीय पहल की गई है।

किसानों को आधुनिक कृषि एवं सिंचाई सुविधाओं से जोड़ने के लिए सोलर लिफ्ट सिंचाई, ड्रिप सिंचाई, सोलर पैनल तथा कृषि कार्यों हेतु टूल बैंक उपलब्ध कराया गया है। इन सुविधाओं के माध्यम से किसानों को खेती में काफी सहूलियत मिली है। पहले जहां किसान केवल एक फसल पर निर्भर थे, वहीं अब सिंचाई सुविधा उपलब्ध होने से किसान वर्ष में दो फसल लेने लगे हैं। किसान फसल चक्र अपनाते हुए धान के साथ-साथ सब्जी, मक्का, सूरजमुखी एवं माड़िया जैसी फसलों की खेती भी कर रहे हैं, जिससे भूमि की उर्वरता में सुधार हुआ है और किसानों की आय में वृद्धि देखने को मिल रही है।

प्रदान संस्था द्वारा किसानों को जैविक खेती के लिए भी लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसान अब स्वयं जैविक दवाई तैयार कर उसका उपयोग कर रहे हैं। साथ ही संस्था द्वारा नर्सरी सुविधा उपलब्ध कराए जाने से किसान स्वयं नर्सरी तैयार कर अपनी आजीविका को और मजबूत बना रहे हैं।परियोजना के इस सहयोग से खेती की लागत में कमी, उत्पादन में वृद्धि तथा किसानों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। गांव के किसानों में आत्मनिर्भरता और आधुनिक खेती के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है।एचडीएफसी वाटर परियोजना एवं प्रदान संस्था के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, सिंचाई सुविधा विस्तार तथा किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। जिससे किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है।

अंचल की खबरें

सिवनीकला में मनाई कबीर जयंती

सिर्री। ग्राम सिवनीकला में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष में भी कबीर सत्संग समिति द्वारा कबीर जयंती मनाया गया। सभी सत्संगी भाई-बहन एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति रही। नयापारा आश्रम से समेंद्र साहेब, मन साहेब, सेवा साहेब भी मुख्य रूप से शामिल हुए। उक्त जानकारी नीलकमल साहू ने दी।

सहकारी समिति भाठागांव में मनाया योग दिवस

सिर्री। ग्रामीण सेवा साख सहकारी समिति भाठागांव में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग का कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षक भूषण साहू द्वारा योग कराया गया। जिसमें प्राधिकृत अधिकारी आदर्श चंद्राकर, पुष्पलता साहू सरपंच, इंद्रमन साहू, थानसिंग साहू, लिखन साहू, प्रीतम साहू उपसरपंच, जीवन साहू, शशि साहू, अखिलेश्वरी मानिकपुरी, जन्मेजय ध्रुव, थानूराम साहू, बिशुन साहू, लखन साहू, रतनू साहू, ओमप्रकाश (पप्पू), सतीश साहू, परस साहू, सोमप्रकाश साहू, चुम्मन साहू, पवन साहू, तुलाराम ध्रुव, मोहित साहू, भूपेश साहू, डालेंद्र साहू, पंकज साहू, कुलदीप दिवान, लेमप्रकाश, कमलनारायण साहू, रोहन साहू, सरिता विश्वकर्मा, कु.उनिसा, कु.अंकिता, कु.भूमिका, कु.श्रद्धा, कु.खुशी, कु.इंदु साहू, कु.शीला कंवर, कु.वंदना, कु.लोमेश्वरी, कु.लोकेश्वरी, कर्मचारीगण गुरुनारायण पाठक, नामदेव चंद्राकर, नीरज साहू, डुगेश साहू, तेजेंद्र चंद्राकर, तिलक साहू, यादराम साहू, डायाराम साहू सहित कृषक बंधु एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास पर केन्द्रित हो

- सिलौटी स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया

अमलीडीह(धमतरी)। शाउमावि सिलौटी में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के अध्यक्ष दुलार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि गौकरण सेन, राधिका साहू, हेमलता साहू थे। अध्यक्षता प्राचार्य एमके ठाकुर ने की। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई वितरित कर किया गया। विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठयपुस्तकें तथा अन्य शैक्षिक सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुलार सिन्हा ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ज्ञान के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर केन्द्रित हो। प्राचार्य एमके ठाकुर ने सभी छात्रों को नियमित स्कूल आने, अनुशासित रहने तथा गुणवत्तापूर्वक शिक्षा प्रदान करने पर जोर दिया। व्याख्याता बी पदमा राजेश ने बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर टमेंद्र धनकर को पांच हजार रुपए का चेक भेंट कर सम्मानित किया तथा दुलार सिन्हा ने भूमिका साहू को 1100 रूपए नकद भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन सीपी साहू ने किया।

सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूल नगरी में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ, पालकों में उत्साह

नगरी। नगरी विकासखंड के सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूल (सीबीएसई पाठ्यक्रम) में नवीन शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विगत सात वर्षों से विद्यालय द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किए जाने के कारण क्षेत्र के पालकों का विद्यालय पर विश्वास लगातार बढ़ा है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा बताया गया है कि प्रवेश हेतु आवेदन पत्र 1 जून से 30 जून तक भरे जा सकते हैं। प्रवेश के लिए

परखंदा में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

- शिक्षा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का आधार है : टिकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

शासकीय हाईयर सेकेंडरी स्कूल परखंदा में शाला प्रवेशोत्सव 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों के महत्व पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत धमतरी के उपाध्यक्ष गौकरण साहू उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य हीराराम साहू, प्राचार्य रविंद्र साहू, ग्राम पंचायत परखंदा की सरपंच माधुरी मोहित साहू, प्रकाश चंद्राकर, गोपाल साहू एवं प्रकृति तथा वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे मोहन साहू (गौरय्या पक्षी संरक्षण मित्र) शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला विकास समिति की अध्यक्ष तारा गिरेंद्र साहू ने की। इस दौरान विद्यालय परिवार, शिक्षकों, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं विद्यार्थियों के साथ शिक्षा के महत्व, नियमित अध्ययन, अनुशासन और बेहतर भविष्य निर्माण को लेकर संवाद किया गया। मौके पर जनभागीदारी समिति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत नवागांव (उ.) के सरपंच टिकेश साहू विद्यार्थियों को मेहनत और लगन के साथ अध्ययन कर अपने लक्ष्य प्राप्त करने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का आधार है, जिसके माध्यम से विद्यार्थी अपने परिवार, गांव और समाज के विकास में योगदान दे सकते हैं।

शाला प्रवेशोत्सव के दौरान विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र को लेकर विद्यार्थियों और शिक्षकों में उत्साह का वातावरण रहा।

आमदी में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मना, छात्रों को गणवेश व पुस्तक वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला एवं पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला आमदी के प्रांगण में हुआ। मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू थे। अध्यक्षता प्राचार्य नवीन खरे ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती ज्योति साहू नपं अध्यक्ष आमदी थीं। प्रतिवेदन का वाचन समन्वयक दीपेंद्र साहू ने किया। कक्षा पहली और छठवीं में नवप्रवेशित बच्चों को मिठाई खिलाकर एवं गणवेश व अभ्यास पुस्तिका वितरण कर स्वागत किया गया।

विशिष्ट अतिथि ज्योति साहू ने बच्चों को मन लगाकर विद्या अध्ययन करने की बात कही । मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू ने कार्यक्रम की सराहना की। स्कूलों में दर्ज संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। प्राचार्य नवीन खरे ने कहा कि नगर में उत्कृष्ट विद्यालय की श्रेणी में पीएम श्री और सेजेस आमदी अंग्रेजी माध्यम स्कूल है। यह सुविधा बड़े शहरों में होती है वह आपके यहां है। उसका पूरा लाभ उठाएं। आभार प्रदर्शन बिंदु ध्रुव ने किया।

कार्यक्रम में पार्षद उमानंद कुंभकार, ऋषभ ठाकुर, सरिता साहू, संतोषी साहू, ललिता पटेल, तेजराम साहू, शिक्षाविद घनाराम साहू, शिक्षक ओमेश्वरी पटेल, लक्ष्मी कुमार साहू, सविता छाटा, तृप्ति मंडावी, दीप्ति तिवारी, ममता सोनवानी, उमेन्द्र ठाकुर, पूरनलाल कंवर, डोमेन्द्र साहू, सोमदत्त साहू उपस्थित थे।

भालूझूलन में धूमधाम से मनाप्रवेशोत्सव

डांडेसरा(धमतरी)। प्राथमिक शाला भालूझूलन में शाला प्रवेश उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। नव प्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान लुकेश्वर कंवर के द्वारा अपनी बेटी के जन्मदिन एवं शाला प्रवेशोत्सव के उपलक्ष्य पर न्योता भोजन में छात्र-छात्राओं को खीर-पूड़ी खिलाया गया। उषा पांडेय एवं केकती पटेल के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को पहाड़ा एवं पेंसिल दिया गया तथा ऐन कुमारी साहू के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को पहाड़ा एवं रूमाल दिया गया। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दुलेश पटेल, पंच भुनेश्वरी साहू, टिकेश्वरी साहू, यशोदा पटेल, दुलेश्वरी साहू, मंगलू ध्रुव, ओमप्रकाश कंवर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक द्वारिका देवांगन, प्रधान पाठक अर्चना चंद्राकर एवं टंकेश्वर भार्गव के द्वारा

योग आत्म-अनुशासन, संतुलित जीवन जीने की कला है : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

शासकीय माध्यमिक शाला डांडेसरा में योग दिवस मनाया गया। शाला के प्रधान पाठक राजेश साहू ने कहा कि हजारों वर्षों पुरानी भारतीय योग परंपरा आज पूरे विश्व में स्वास्थ्य और संतुलन का प्रतीक बन चुकी है। वर्तमान समय में मनुष्य ने जीवन को सुविधाजनक तो बना लिया है, परंतु उसके साथ तनाव, चिंता, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप और अनेक जीवनशैली संबंधी रोग भी बढ़ गए हैं। ऐसे में योग एक ऐसी संजीवनी है जो शरीर, मन और आत्मा तीनों को स्वस्थ बनाती है। योग केवल आसनों का अभ्यास नहीं है, बल्कि यह सकारात्मक सोच, आत्म-अनुशासन और संतुलित जीवन जीने की कला है। नियमित योगाभ्यास शरीर को सशक्त, मन को एकाग्र और विचारों को निर्मल बनाता है। प्राणायाम हमारे भीतर नई ऊर्जा का संचार करता है, जबकि ध्यान हमें मानसिक शांति प्रदान करता है। यही कारण है कि आज विश्वभर में करोड़ों लोग योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं। योगाभ्यास शिक्षक सूर्यकांत साहू ने कराया। सरपंच खुमेश्वरी साहू द्वारा छात्र-छात्राओं को पौष्टिक आहार के तौर पर चना एवं मूंग बांटा गया। मौके पर दीपक साहू, नीलकंठ साहू, टिकेश्वर साहू, शिक्षक किरणकुमार साहू, हेमलता कंवर, ऋचा शर्मा, खेमिन साहू, डिगेश्वरी साहू, अनीता साहू सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

न्यायालय तहसीलदार भखारा
जिला धमतरी छ.ग.
// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम थूहा को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका लाभरी उर्फ चंद्रिका पति अमरदास जाति सतनामी निवासी सोनारपाल जिला बस्तर कास्तकार थुहा तहसील भखारा द्वारा आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदिका के नाम पर ग्राम थुहा पटवारी हल्का नं. 08 स्थित भूमि खसरा नं. 409, 897 रकबा क्रमशः 0.94, 1.83 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज चले आ रहा है। आवेदिका राजस्व अभिलेख में लाभरी उर्फ चंद्रिका पति अमरदास जाति सतनामी के स्थान पर आवेदिका लाभरी उर्फ चंद्रिका उर्फ लाकेश्वरी पिता स्व. धीरजू दर्ज किये जाने माननीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद जिला धमतरी के व्यवहार वाद क्रमांक 119 अ/2025 प्रस्तुत किया है। माननीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद जिला धमतरी के व्यवहार वाद क्रमांक 119 अ/2025 निर्णय दिनांक 12/05/2026 पारित किया गया है जिसमे आवेदिका का नाम लाभरी उर्फ लाकेश्वरी पिता स्व. धीरजू एवं लाभरी उर्फ चंद्रिका पिता स्व. धीरजू दोनों एक ही व्यक्ति होने की घोषणा किया गया है। आवेदिका माननीय न्यायालय व्यवहार वाद क्रमांक 119 अ/2025 आदेश दिनांक 12/05/2026 के पालन हेतु आवेदन पत्र के साथ डिक्री की प्रति न्यायालय में पेश किया है।

अतः आवेदिका के आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या हित बद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07/07/2026 को स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित हो कर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया

मुहर

तहसीलदार
भखारा

नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक व मिठाई खिलाकर किया स्वागत

गैलक्सी नारी में शाला प्रवेशोत्सव उत्साहपूर्वक मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

गैलेक्सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नारी में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प भेंटकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा नए विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने एवं मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के संचालक राजेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव का उद्देश्य बच्चों को विद्यालय से जोड़ना तथा शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य हेमचंद साहू और शिक्षक-शिक्षिकाएं दिलीप साहू, अनिल साहू, घनश्याम साहू, चैतन्य साहू, पारसमणी पाल, नानकराम साहू, महेश गड़ेवाल, एसकुमार साहू, ताम्रजध्वज साहू, केवरा साहू, शशिबाला साहू, हेमलता साहू, रेखा निषाद, मिनाक्षी साहू, खेमलता साहू, ममता साहू, रेणुका साहू, धारणी साहू, भृत्य अमोली यादव, आया गीता निषाद और विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

खबर संक्षेप

छात्रवृत्ति की ऑनलाइन प्रक्रिया शीघ्र शुरू होगी

कांकेर। जिले के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक तथा आईटीआई में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों के लिए वर्ष 2026-27 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जया मनु ने बताया कि नवीनीकरण आवेदन के लिए पोर्टल 20 जून से तथा नवीन आवेदन के लिए 1 अगस्त से प्रारंभ होगा। सभी स्वीकृति संबंधी कार्य समय पर पूर्ण कर जनवरी 2027 तक छात्रवृत्ति राशि का भुगतान किया जाएगा।

गिरने से बुजुर्ग की मौत, मर्ग कायम

कांकेर। बड़गांव थानांतर्गत 71 वर्षीय जगदीश कोटिग्ला पिता चमरा का फिसलकर गिर जाने से 21 जून को मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक अपने घर के छत में सोया था। अचानक बारिश होने के कारण नीचे आ रहा था, तभी सिढ़ी से फिसलकर गिया। गिरने से आई चोट के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

इलाज के दौरान युवती की मौत

कांकेर। बांदे थाना क्षेत्र के 35 वर्षीय अवनि पाल पिता गोपाल का इलाज के दौरान 21 जून को दोपहर 1 बजें मौत हो गया। मृतिका के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतिका का स्वास्थ्य खराब होने के कारण उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांदे में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

तीन केंद्रों में नीट परीक्षा हुई, 1373 परीक्षार्थी ने दी

कांकेर। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट 2026 का आयोजन जिले में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक हुआ। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए जिला मुख्यालय में शहीद रामकुमार यादव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। तीनों केंद्रों में कुल 1373 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। परीक्षार्थियों का सत्यापन मेटल डिटेक्टर, फ्रिस्किंग तथा बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से किया गया। प्रशासन द्वारा पूरी प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखी गई, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकी।

बाइक तालाब में गिरी एक युवक की मौत

कांकेर। भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दाबकट्टा में मेला देखकर लौट रहे तीन युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी। हादसे में 18 वर्षीय अर्जून विश्वकर्मा की डूबने से मौत हो गई, जबकि दो युवक बाहर निकल आए। दो दिन बाद ग्रामीणों की मदद से तालाब से शव बरामद किया गया। मर्ग जांच में लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाना सामने आने पर पुलिस ने चालक शिवराज विश्वकर्मा के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 एवं 106(1) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

बाइक डिवायडर से टकराई, युवक की मौत

कांकेर । चारामा क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना 21 जून की मध्यरात्रि की है, जब ग्राम गोलकुम्हडा निवासी आदित्य तेता अपने मित्र की शादी समारोह में शामिल होकर वापस घर लौट रहा था। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उसे 108 एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा लाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

भूमिगत जल निकासी व्यवस्था सुधारने पर नगर निगम का जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए नगर निगम ने शहर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता स्वास्थ्य विभाग के सभापति नीलेश लूनिया ने की। इसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कमलेश ठाकुर, स्वच्छता समन्वयक शशांक मिश्रा तथा भाजपा पार्षदों सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में शहर के जलभराव वाले क्षेत्रों, नालियों की सफाई, बरसाती पानी की निकासी तथा स्वच्छता व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जिन क्षेत्रों में हर वर्ष बारिश के दौरान पानी भरता है, वहां विशेष निगरानी रखते हुए नालियों और जल निकासी मार्गों की दोबारा सफाई कराई जाए। साथ ही किसी भी प्रकार के अवरोध को तत्काल हटाकर पानी के बहाव को सुचारु बनाया जाए। नगर के स्टेशनपारा, देवश्री टॉकीज रोड, शिव चौक, बठेनापारा, गौशाला मैदान रामपुर डबरी, नवागांव एफसीआई चौक, पीडी नाला क्षेत्र, सोरिद, टिकरापारा, खपरी तालाब, विंध्य विहार कॉलोनी, गोकुलपुर स्कूल, बांसपारा, आस्था नगर और सदर उत्तर पटेल पारा को संवेदनशील क्षेत्र मानते हुए विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही नालों की सफाई पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की समीक्षा एवं स्वच्छता व्यवस्था की भी समीक्षा की गई।

बारिश से पहले तैयारियों की समीक्षा

जलभराव रोकने पर रहेगा विशेष फोकस

बैठक में बताया गया कि नगर निगम शहर में वर्षा जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई स्थानों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित कर रहा है। इसके अलावा नई नालियों का निर्माण और पुरानी नालियों की सफाई का कार्य भी लगातार जारी है। महापौर रामू रोहरा और स्वास्थ्य सभापति नीलेश लूनिया ने विश्वास जताया कि इस वर्ष पिछले वर्षों की तुलना में जलभराव की स्थिति काफी हद तक नियंत्रित रहेगी। यदि कहीं पानी भरता भी है तो निकासी की व्यवस्था पहले से बेहतर होने के कारण वह जल्द ही निकल जाएगा।

खेत समतलीकरण को अवैध उत्खनन बताकर जेसीबी जब्ती का आरोप, जिपं अध्यक्ष अरुण ने की निष्पक्ष जांच की मांग

किसानों पर डंडा, अवैध खनन पर ढील? खनिज विभाग की कार्रवाई पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

जिले में अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहे खनिज विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। इस बार मामला फरसिया गांव के एक किसान से जुड़ा है, जिसने खेत समतलीकरण के दौरान खनिज विभाग द्वारा की गई कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा से न्याय की गुहार लगाई है।

फरसिया निवासी महेश कुमार साहू द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा को दिए गए आवेदन में बताया गया है कि वह अपनी निजी भूमि पर आगामी कृषि कार्यों को ध्यान में रखते हुए खेत समतलीकरण का कार्य करा रहा था। खेत के ऊंचे हिस्से से निकाली गई मिट्टी का उपयोग उसी खेत के निचले हिस्से में भराव के लिए किया जा रहा था। इस कार्य के लिए उसने किराए पर जेसीबी मशीन मंगाई थी। किसान का आरोप है कि 18 जून को खनिज विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर बिना वास्तविक स्थिति की गंभीर जांच किए कार्य को अवैध उत्खनन बताकर जेसीबी जब्त कर ली। मामला जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा तक पहुंचने के बाद उन्होंने खनिज विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। सार्वा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि किसान वास्तव में अपने खेत का समतलीकरण कर रहा था तो बिना पर्याप्त जांच और तथ्यात्मक पुष्टि के उसके खिलाफ कार्रवाई करना गलत है। उन्होंने अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाने और निर्दोष किसान को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं करने की बात कही।

इस संबंध में जानकारी के लिए खनिज विभाग से किया गया, पर चर्चा नहीं हो पाई।

निष्पक्ष जांच के बिना मशीन जब्ती उचित नहीं, किसान हो रहे परेशानः सार्वा

अरुण सार्वा ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि जिले में कहीं भी अवैध खनन हो रहा हो तो खनिज विभाग को बिना किसी दबाव और भेदभाव के कठोर कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन यदि कोई किसान अपने खेत को कृषि योग्य बनाने के लिए आवश्यक कार्य कर रहा हो तो उसे अवैध खननकर्ता की तरह प्रस्तुत करना और मशीनों की जब्ती जैसी कार्रवाई करना गंभीर विषय है। उन्होंने विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अधिकारियों से चर्चा के बाद भी मामले में स्पष्टता नहीं आ रही है और सही तथ्यों को सामने लाने में ढुलमुल रवैया अपनाया जा रहा है। इसका खामियाजा किसान और जेसीबी मालिक दोनों को भुगतना पड़ रहा है। किसान का कृषि कार्य प्रभावित हुआ है, वहीं मशीन मालिक को भी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। सार्वा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसान खेत सुधार, मेड़बंदी और समतलीकरण जैसे कार्यों के लिए किराए पर मशीनें लेते हैं। ऐसे में यदि बिना पर्याप्त जांच के मशीनों को जब्त कर लिया जाए तो उसका सीधा आर्थिक और मानसिक दबाव किसान पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्रवाई से पहले प्रशासन का दायित्व है कि वह तथ्यों की निष्पक्ष जांच करे और उसके बाद ही कोई कठोर कदम उठाए। उन्होंने दो टूक कहा कि यदि जांच में किसान द्वारा अवैध उत्खनन किया जाना प्रमाणित होता है तो विभाग को नियमानुसार सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन यदि ऐसा नहीं है तो निर्दोष किसानों को परेशान करना किसी भी स्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता।

भाजपा एवं केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा

- सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कुरूद क्षेत्र में नागरिकों से किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने 20 जून को कुरूद नगर क्षेत्र में विशेष जनसंपर्क अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने जनसंघ से जुड़े पुराने कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के प्रमुख नागरिकों के निवास पहुंचकर पार्टी के यात्रा वृतांत एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की।

अभियान के तहत सांसद ने चर्रा निवासी जनसंघ से जुड़े एलपी गोस्वामी और कृपाराम यादव के निवास पहुंचकर पुराने कार्यों और संगठन की यात्रा को याद किया। इसके बाद कुरूद नगर में नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर के निवास, गणेश राइस मिल पहुंचकर उद्यमी राहुल महावर, नगर साहू समाज अध्यक्ष रामप्यारे साहू तथा जनसंघ परिवार से जुड़े राजकुमार बजाज परिवार से मुलाकात की।

इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने भाजपा एवं केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी साझा करते हुए नागरिकों का शाल, श्रीफल एवं साहित्य भेंटकर सम्मानित किया। जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सांसद का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, नपं भखारा अध्यक्ष ज्योति जैन, पूर्व जनपद अध्यक्ष सिंधु बैस, जनसंपर्क अभियान प्रभारी भानु चन्द्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, महामंत्री प्रभात बैस सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶बगदेही(धमतरी)

डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा में जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी के तत्वाधान में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम 8 मई से 9 जून पूरे एक महीना आयोजित किया गया। डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत निःशुल्क आर्मी भर्ती प्रशिक्षण, फुटबॉल, एथलेटिक, कबड्डी का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें क्षेत्र के कुल 53 प्रशिक्षार्थियों ने हिस्सा लिया।

यहां प्रशिक्षण कार्यक्रम अकादमी के संस्थापक एवं व्यायाम शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर गुलशन साहू के मार्गदर्शन में दिया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में प्रशिक्षार्थियों को टी शर्ट एवं, प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

भखारा में भाजपाइयों ने किया योग

अंवरी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यालय भखारा में 6:30 बजे सुबह योग किया गया। इस अवसर पर रवि सिन्हा मंडल अध्यक्ष, आनंद यदु मंडल प्रभारी, छत्रपाल बैस मंडल सह प्रभारी, रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, विष्णु साहू नगर पंचायत उपाध्यक्ष, खेमलता साहू पार्षद, जितेंद्र साहू, परदेसी राम कंवर पार्षद, दीनानाथ साहू, चंद्रहास साहू, कुमेश साहू, मेघसिंह साहू, मनहरण धीवर उपस्थित थे।

महार/महरा समाज ने जेवरा-सिरसा नए परगना का किया गठन

पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महार/महरा समाज के सामाजिक संगठन को सशक्त एवं संगठित बनाने के उद्देश्य से रविवार, 21 जून 2026 को साहू भवन, जेवरा में आसपास के गांवों के स्वजातीय बंधुओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के प्रांताध्यक्ष अशोक मेश्राम, पूर्व प्रांताध्यक्ष खिलावन चोपड़िया तथा केंद्रीय परिषद के पदाधिकारियों के नेतृत्व में जेवरा-सिरसा नए परगना का गठन किया गया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य आसपास के गांवों के समाजजनों को एक सूत्र में जोड़कर सामाजिक एकता, संगठन और विकास को नई दिशा प्रदान करना रहा। नवगठित जेवरा-सिरसा परगना में 14 गांवों के सामाजिक बंधुओं को शामिल किया गया, जिन्होंने समाज के हितों एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया।

इस अवसर पर नए परगना के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। संरक्षक के रूप में भुनेश्वर भीमगज एवं पुरुषोत्तम नागवंशी, प्रमुख सलाहकार के रूप में डॉ. कृष्ण कुमार मेश्राम, अध्यक्ष के रूप में सुरेश नुनहरे तथा उपाध्यक्ष के रूप में मनीष क्षत्री, अमर सिंह सूर्यवंशी एवं प्रेमलाल क्षत्री को दायित्व सौंपा गया। सचिव पद पर टोमन अग्रवाल, सहसचिव पद पर छत्रपाल भीमगज तथा कोषाध्यक्ष पद पर धनेश नागवंशी को नियुक्त किया गया।

बैठक में खेम सिंह नागवंशी को केंद्रीय स्तर पर समाज का उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने की भी घोषणा की गई, जिस पर उपस्थित समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया।

नए परगना के गठन से जेवरा-सिरसा क्षेत्र के समाजजनों में उत्साह का वातावरण देखा गया। वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सहयोग से समाज की पंजीकृत शाखा निरंतर प्रगति करेगी तथा सामाजिक एकता और विकास के नए आयाम स्थापित होंगे।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 5 जुलाई को आयोजित विशेष बैठक में नव-नियुक्त सभी पदाधिकारियों को आमंत्रित कर उनका सम्मान किया जाएगा।

शासकीय प्राथमिक शाला बिंद्रानवागांव में ठंडाशरबत एवं चना प्रसाद का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

18 जून दिन गुरुवार को सिखों के पांचवें गुरू अर्जन देव जी महाराज की शहीदी दिवस पर प्राथमिक शासकीय प्राथमिक शाला बिंद्रा नवागांव के प्रधानपाठक ममता खालसा द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए बुधवार को बच्चों को ठंडा ठंडा शरबत एवं चने का प्रसाद वितरण किया गया। बच्चे शिक्षक गण एवं सफाई कर्मचारी रसोईया सहायक रसोईया, पलकों ने एवं अन्य कर्मचारियों ने ठंडा शरबत का खूब आनंद उठाया।

तहसील साहू समाज ने किया पौधरोपण

अंवरी। तहसील साहू समाज कुरूद के तत्वावधान में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया साथ ही उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। मौके पर चितरंजन साहू, निरंजन साहू, कृष्णकांत साहू, लेखराम साहू, मन्नूलाल साहू, लोमस कुमार साहू, पुरानिकराम साहू, ताराचंद साहू, रिखीराम साहू, विश्वनाथ साहू, भुनेश्वर साहू, नंदनी साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग उपस्थित थे।

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में स्वामी आत्मानंद विद्यालय हटकेशर के तीन विद्यार्थियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हटकेशर के तीन विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चयनित विद्यार्थियों में रोशन पटेल (पिता स्व. दिलीप पटेल), रेशमी नाग (पिता वीरेंद्र नाग) एवं पीहू मीनपाल (पिता प्रशांत मीनपाल) शामिल हैं। तीनों विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

मार्गदर्शक शिक्षक धर्मेंद्र साहू ने बताया कि राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को शासन द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिमाह 1,000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है, जिससे उनकी शिक्षा को आर्थिक संबल मिलता है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार शर्मा, प्रधान पाठिका शशि प्रभा सोनवानी, वरिष्ठ व्याख्याता अनीता घोरपड़े, घनश्याम सिंह साहू, ओमप्रकाश नाग, देव शंकर देव, ईश्वरलाल साहू, बी.पी. साहू, आराधना साहू, गोपेश कुमार, हिमेश्वरी साहू, खिलेन्द्र साहू, अंचल चंद्राकर, प्रार्थना शाह, वैभव रणसिंह, लीना भारती सिंह, डिगेश्वरी साहू, सविता साहू, मेनका निषाद सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

खबर संक्षेप

आज महेश नवमी महोत्सव, श्री खाटू श्याम मंदिर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

- डॉ. जेएस खालसा एवं डॉ. आशीष खालसा द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

धमतरी। सेवा, त्याग और सदाचार, संगठित समाज के आधार का प्रतीक माहेश्वरी समाज धमतरी, माहेश्वरी महिला मंडल धमतरी एवं माहेश्वरी युवा संगठन धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव आज 23 जून मंगलवार को श्री खाटू श्याम मंदिर, इंडस्ट्रियल एरिया, गुजराती कॉलोनी, धमतरी में मनाया जाएगा। महेश नवमी के पावन पर्व के पूर्व दिवस 22 जून को प्रातः 10 बजे माहेश्वरी महिला मंडल धमतरी द्वारा जिला चिकित्सालय धमतरी में शरबत/मठा वितरण किया गया। पश्चात निःशुल्क हाउजी एवं एक मिनट गेम का आयोजन किया गया है। 23 जून मंगलवार को महेश नवमी के अवसर पर प्रातः 6.30 बजे प्रभातफेरी के रूप में शुरू होगी जो दुर्गा मंदिर पावर हाउस से निकलकर श्री खाटू श्याम मंदिर तक पहुंचेगी। प्रातः 8 बजे पूजा-अर्चना व ध्वजारोहण, प्रातः 9 बजे निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें डॉ. जगविंदर सिंह खालसा, एमबीएस, एमएस एवं डॉ. आशीष खालसा, खालसा नर्सिंग होम उपस्थित रहेंगे। प्रातः 10.30 बजे परिचर्चा में डॉ. आशीष खालसा द्वारा मधुमेह और आँख के विषय पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया जायेगा। दोपहर 12 बजे माहेश्वरी समाज द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह के तहत 10वीं-12वीं में 80 प्रतिशत+, सीए, डॉक्टर, इंजीनियर युवाओं का सम्मान किया जायेगा। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज धमतरी के अध्यक्ष राजेन्द्र माहेश्वरी एवं सचिव डॉ. श्रीकांत जाजू ने सभी समाजजनों से उक्त कार्यक्रम में सपरिवार उपस्थित होने की अपील की है।

देवपुर में आज से 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं मां गायत्री प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव



धमतरी। श्रद्धा प्रज्ञा जन जागरण समिति देवपुर (कण्डेल) द्वारा गायत्री जयंती के अवसर पर क्षेत्र के श्रद्धालुओं के सहयोग से नव निर्मित भव्य गायत्री मंदिर में तीन दिवसीय 23 से 25 जून को मां गायत्री की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ परम पूज्य गुरुदेव का पावन प्रज्ञा पुराण एवं विभिन्न संस्कार संपन्न किया जावेगा। प्रथम दिवस 23 जून मंगलवार को शोभायात्रा हनुमान मंदिर से 2 बजे प्रारंभ होकर मेला स्थल तक, फिर पावन प्रज्ञा पुराण कथा होगा। द्वितीय दिवस 24 जून बुधवार को ब्रह्म मुहूर्त में मां गायत्री की प्राण प्रतिष्ठा, 9कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, प्रज्ञा पुराण एवं संध्या दीप महायज्ञ होगा। तृतीय एवं अंतिम दिवस 25 जून गुरुवार को 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार एवं प्रज्ञा पुराण , समापन एवं ऋषि पुत्रों की बिदाई होगी। श्रद्धा प्रज्ञा जन जागरण समिति के अध्यक्ष बिसहत राम साहू, प्रमुख सदस्य पारस मणि साहू एवं पूर्णानंद साहू ने बताया कि मंदिर निर्माण इस क्षेत्र के 40 से अधिक गांवों के धर्म प्रेमी सज्जनों के सहयोग से मिल कर बना है। यह मंदिर आस्था एवं विश्वास के केन्द्र के साथ भविष्य में जन जागरण के केन्द्र के रूप में विकसित किया जावेगा जहां विभिन्न प्रकार के व्यक्ति निर्माण, परिवार एवं समाज निर्माण के साथ राष्ट्र निर्माण के कार्यक्रम संचालित किया जावेगा। यह जानकारी जिला समन्वयक दिलीप नाग ने दी है।

डेढ़ महीने से मुआवजे के लिए भटक रहा अन्नदाता किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

पचपेड़ी के किसान के डेढ़ एकड़ की धान फसल जलकर हो गई थी खाक

जनदर्शन से लेकर 1076 हेल्पलाइन तक... सब बेअसर

फसल जलने के बाद पीड़ित किसान मनीष ने न्याय के लिए हर वो दरवाजा खटखटाया जो सरकार ने जनता के लिए बनाया है। सबसे पहले कलेक्टर जनदर्शन में गुहार लगाई गई, जहां से मामले को विद्युत और राजस्व विभाग की ओर ट्रांसफर कर दिया गया। लेकिन दोनों ही विभागों ने हमारे यहां मुआवजे का कोई प्रावधान नहीं है कहकर फाइल आगे सरका दी और अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया।

कर्ज के बोझ तले दबा भूमिपुत्र

एक तरफ मनीष की गाढ़े पसीने की कमाई राख हो गई, तो दूसरी तरफ खेती के लिए लिया गया कर्ज अब उसके गले की फांस बन गया है। साहूकारों और बैंक के तगादे ने किसान की रातों की नींद उड़ा दी है। पीड़ित किसान ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि बिजली विभाग की लापरवाही की जांच कराई जाए और उसे तत्काल आर्थिक क्षतिपूर्ति दी जाए, ताकि वह कर्ज के दलदल से निकलकर अगली फसल की तैयारी कर सके।

एक तरफ शासन किसानों के हित और त्वरित न्याय के दावे कर रहा है, वहीं कुरुद विकासखंड के ग्राम पचपेड़ी से सामने आई तस्वीर इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। यहां एक किसान की मेहनत की पूरी फसल आग की भेंट चढ़ गई। इस घटना के डेढ़ महीने (45 दिन) बीत जाने के बाद भी पीड़ित किसान को राहत की एक पाई तक नसीब नहीं हुई है। दफ्तरों के चक्कर काट-काटकर थक चुके पीड़ित अन्नदाता ने अब सीधे मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है।

ग्राम पचपेड़ी निवासी किसान मनीष कुमार साहू पिता स्व. खेमलाल साहू के खेत में ग्रीष्मकालीन धान की लहलहाती फसल खड़ी थी। बीते 2 मई 2026 की सुबह करीब 11 बजे खेत के ऊपर से गुजर रही 11 केवी (11केवी) बिजली लाइन में अचानक जोरदार शॉर्ट सर्किट हुआ। इससे निकली चिंगारी सूखी धान की फसल पर जा गिरी। तेज धूप और गर्मी के कारण आग ने पल भर में विकराल रूप ले लिया और किसान की करीब डेढ़ एकड़ की फसल जलकर राख हो गई। किसान के मुताबिक, इस आगजनी में उसे एक लाख रुपये से अधिक का सीधा नुकसान हुआ है।

इसके बाद किसान ने सुशासन तिहार के दौरान कृषि, राजस्व और बिजली विभाग के काउंटरों पर आवेदन दिए, लेकिन वहां भी निराशा हाथ लगी। थक-हारकर पीड़ित ने सीएम हेल्पलाइन 1076 पर संपर्क साधा। आधे घंटे तक हेल्पलाइन अधिकारी को अपनी आपबीती सुनाई, लेकिन वहां से भी कोई ठोस आश्वासन या राहत की उम्मीद नहीं जगी।

प्रेस वार्ता : टकेश्वर ने सभी आरोपों को बताया निराधार

राजनीतिक द्वेष और बदले की भावना से की गई झूठी शिकायतः चंद्राकर

भारतमाला मुआवजा मामले में ग्रामीणों के साथ रखा पक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

कुरूद विधानसभा के ग्राम पंचायत सिवनीकला में भारतमाला परियोजना से जुड़े मुआवजा प्रकरण को लेकर अपने ऊपर लगाए जा रहे आरोपों के संबंध में टिकेश्वर उर्फ टकेश्वर चंद्राकर ने ग्राम सिवनीकला के गौशाला परिसर में रविवार को ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं मुआवजा प्राप्त किसानों की उपस्थिति में प्रेसवार्ता आयोजित कर अपना पक्ष रखा। प्रेस वार्ता में टकेश्वर चंद्राकर ने कहा कि विपक्षी पार्टी कांग्रेस के तथाकथित नेताओं द्वारा उन पर लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह से निराधार, भ्रामक और राजनीतिक द्वेष से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि यदि ग्राम सिवनीकला से गुजरने वाली भारतमाला सड़क परियोजना में मुआवजा प्राप्त किसी एक व्यक्ति की भूमि का अधिसूचना के बाद छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटवारा या डायवर्सन कराए जाने का प्रमाण मिल जाए, तो वे राजनीति से संन्यास लेने को तैयार हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों द्वारा जमीन का बंटवारा और छोटे-छोटे टुकड़ों में रजिस्ट्री प्रशासन की अधिसूचना जारी होने से पहले की गई थी। इसका उद्देश्य किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करना था। बाद में भारतमाला परियोजना की अधिसूचना 30 जनवरी 2020 में जारी हुई। आगे बताया कि इस संबंध में राजपत्र में प्रकाशित दस्तावेजों में भी पूरी जानकारी दर्ज है।

पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर रजिस्ट्री दस्तावेजों में बार-बार उनका नाम आने के आरोप पर टिकेश्वर चंद्राकर ने कहा कि गांव में जमीन खरीदी-बिक्री के दौरान लोग उन्हें गवाह के रूप में बुलाते हैं और सामाजिक संबंधों के कारण वे गवाह बनने से मना नहीं कर पाते। इसी वजह से अनेक रजिस्ट्रियों में उनके हस्ताक्षर दर्ज हैं। चार करोड़ रुपये की जमीन पर करीब साढ़े 15 करोड़ रुपये मुआवजा लेने के आरोप को उन्होंने सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह सभी आरोप बेबुनियाद और निराधार है। सड़क की दिशा बदलकर सर्पाकार मार्ग बनाने से लाभ पहुंचाने के आरोप पर श्री चंद्राकर ने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि यदि वे केंद्र सरकार को सड़क की दिशा बदलने का निर्देश देने की स्थिति में होते, तो यह संभव होता। उन्होंने कहा कि भारतमाला जैसी राष्ट्रीय परियोजनाओं का निर्धारण तकनीकी सर्वेक्षण और विशेषज्ञों की अनुशंसा के आधार पर किया जाता है।

टिकेश्वर चंद्राकर ने कहा कि भारतमाला परियोजना की अधिसूचना जारी होने के बाद उनके परिवार, रिश्तेदारों अथवा सहयोगियों के नाम पर कोई भूमि खरीदी बिक्री नहीं गई है और न ही किसी प्रकार का अतिरिक्त या अवैध मुआवजा प्राप्त किया गया है। भूमि के बंटवारे और रजिस्ट्रियों की प्रक्रिया परियोजना की अधिसूचना से पहले की गई थी जिसका रिकॉर्ड राजपत्र और राजस्व दस्तावेजों में उपलब्ध है।

प्रेस वार्ता के अंत में उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास उनके खिलाफ ठोस दस्तावेजी प्रमाण हैं तो उन्हें सार्वजनिक किया जाए, अन्यथा बेबुनियाद आरोप लगाकर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास बंद किया जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि जांच में सभी तथ्य सामने आएंगे और सच्चाई जनता के सामने स्पष्ट होगी।

शिकायतकर्ताओं कांग्रेसी लोगों के द्वारा साजिश का शिकार बनाया जा रहा है। उन्होंने शिकायतकर्ताओं को खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि आरोप साबित हो जाए तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा। किसान कपिल पटेल सहित अन्य मुआवजा प्राप्त किसानों ने कहा कि सरकार के गाइडलाइन के तहत हमने मुआवजा प्राप्त किया है।

प्रेस कांफ्रेंस में टकेश्वर चंद्राकर ने भारत मल परियोजना के अंतर्गत ग्राम सिवनीकला में मुआवजा घोटालों के आरोपों को लेकर कांग्रेसी नेताओं पर तीखा हमला बोला है। ग्राम पंचायत के सरपंच लता ध्रुव, उपसरपंच दीपदान साहू, जनपद सदस्य टेकराम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम साहू, ग्राम पटेला सुरेश तारक , सोसायटी अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू, सुशील साहू पूर्व सभापति जनपद पंचायत कुरूद, पंचगण कृष्णा तारक, सुरेश हिरवानी, किशन पटेल, अंकुश चंद्राकर, कपिल देव, लोमश साहू, कुसुम पटेल, गायत्री साहू, ममता सेन, रेणुका सहित बड़ी संख्या में मुआवजा प्राप्त किसानों एवं ग्रामीणों ने भारतमाला परियोजना संबंधी शिकायतों को राजनीतिक द्वेष और बदले की भावना से प्रेरित बताया।

पुष्प वाटिका गार्डन में योग दिवस का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तपस्या भवन भखारा सेंटर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पुष्प वाटिका गार्डन में कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आयुर्वेद डॉक्टर प्रिया बैस एवं योगा टीचर डामन पाल, बीके करुणा बहन,योगेश्वरी बहन उपस्थित थे। साथ में शा. माध्य. शाला एवं प्राथमिक शाला भखारा के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं (एचएम) उषा साहू, मोहित कुमार साहू, मोहित साहू, अश्विनी मैडम, नीरा सोनवानी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बीके करुणा ने कहा कि योग का अर्थ है जोड़, संबंध आत्मा का परमात्मा से संबंध जोड़ना। क्योंकि इस भाग दौड़ के जीवन में मनुष्य भाग रहे हैं। अपने लिए समय नहीं है ना अपनों के लिए समय है। ऐसे समय पर जीवन में थोड़ा ठहराव बहुत जरूरी है जब मनुष्य की मनोदशा सकारात्मक होती है तो मन परमात्मा अनुभूति का माध्यम बनकर जीवन के महान लक्ष्य-जीवन मुक्ति की अनुभूति कराने का साधन बन जाता है। परंतु जब मनुष्य के मन की दशा नकारात्मक होती है तो मन जीवन में रोग, शोक और दुख का कारण बन जाता है।

डॉ. प्रिया बैस ने कहा कि आजकल की दिनचर्या शारीरिक रूप से मानसिक रूप से फिट रखना बहुत मुश्किल हो गया है। योग के माध्यम से शारीरिक रूप से फिट और आत्मिक रूप से शांत हो सकते हैं। शांत और बेहतर जीवन के लिए योग को अपने जीवन की दिनचर्या बनाएं। योग हमारे जीवन व परंपरा का बीज है लेकिन हम भूलते जा रहे हैं। विदेशी लोग योग को फॉलो करते जा रहे हैं और स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेद, योग,पंचकर्म अपनाते जाए। विश्व योग दिवस के अवसर पर जागरूकता फैलाते जाएं तभी हम सफल हो सकते हैं।

योग स्वस्थ जीवन का आधार

भखारा। योग दिवस के अवसर पर नगर पंचायत भखारा स्थित शासकीय अस्पताल में योगाभ्यास कर योग संबंधी जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर डॉ गौरव बंगानी ने कहा कि स्वस्थ जीवन का आधार योग है। योग से मनुष्य स्वस्थ रहता है। मौके पर डॉ नीतू, डॉ साहू समेत स्टाफ के कर्मचारी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ ड्रायवर महासंघ ने किया कलेक्टोरेट में प्रदर्शन

- विभिन्न मांगो को लेकर कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सोमवार को छत्तीसगढ़ ड्रायवर महासंगठन ने विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया और कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। संगठन के राज्यमंत्री अनुपदास मानिकपुरी ने बताया कि जिले में कार्यरत वाहन चालकों के हितों की सुरक्षा एवं श्रम कानून सुनिश्चित करने, छत्तीसगढ़ राज्य में ड्रायवर वेलफेयर बोर्ड का गठन, दंतेवाड़ा के गीदम क्षेत्र के बंजारी के घटना में स्व.ताम्रध्वज साहू के परिजनों को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करने की मांग प्रमुखता से रखी गई है।

रूद्री टैक्सी स्टैंड को यथावत रखने की मांग

छग ड्रायवर महासंगठन ने एक अन्य मांग में कहा है कि रूद्री चौक स्थित शासकीय जमीन पर 18 से 20 वर्षों से ड्रायवर संघ टैक्सी स्टैंड का संचालन करते आ रहे है। यह स्टैंड सिर्फ उनकी जीविका का साधन नहीं बल्कि क्षेत्र के नागरिकों को सुलभ परिवहन सेवा प्रदान करती आ रही है। स्थानीय प्रशासन द्वारा उक्त स्टैंड में व्यवसायिक परिसर का निर्माण करने जा रही है। इससे वहां स्थापित स्टैंड को हटाया जाएगा। इस स्टैंड से 120 ड्रायवर परिवार जुड़े हैं। जिनका जीविकोपार्जन इसी व्यवसाय से होता है। अचानक टैक्सी स्टैंड हटाए जाने से उनके सामने भुखमरी एवं रोजगार की गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। महासंघ ने प्रस्तावित व्यापारिक परिसर के पास स्टैंड के लिए उचित स्थान आरक्षित करने की मांग की है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

डेनियल स्कीन & लेज़र क्लीनिक, धमतरी
LASER HAIR REMOVAL
VITILIGO/WHITE PATCH
LASER MOLE REMOVAL
TATTOO REMOVAL
FUNGAL INFECTION
HAIR TREATMENT
Awarded Best Skin Clinic in Chhattisgarh at Global Icon Award 2023
समस्त चर्म रोगों का ईलाज
चटर्जी अस्पताल, अम्बेडकर चौक, रूद्री रोड, धमतरी (छ.ग.)
संपर्क सूत्र : 89650-27822 अग्रिम पंजीयन : 077222-96003
-: ओपीडी समय :-
सोमवार से शनिवार
सुबह 11 से शाम 6 बजे तक

धमतरी जिले में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

धमतरी शहर	5 पद	योग्यता 12वीं से स्नातक
कुरूद	3 पद	वेतन 12000/-
मगरलोड	2 पद	
कोड़ेबोड़	2 पद	

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो धमतरी शहर, कुरूद, मगरलोड, कोड़ेबोड़ क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें।
जिसके पास स्वयं का वाहन हो, डोर टू डोर लक्ष्य प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
Resume Whatsapp करें
9098324969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं - cir.haribhoomi@gmail.com
कार्य का समय - सुबह - 8 बजे से 1 बजे तक, शाम 4 बजे से 6 बजे तक
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय : बठेना हॉस्पिटल के सामने, धमतरी मो. 9826114710
कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)